>

Title: Need to provide racks of D.A.P. in Balaghat and Seoni districts of Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): माननीय अध्यक्ष महोदया, मध्य प्रदेश के बालाघाट और सिवनी कृषि प्रधान जिले हैं। यहां पर मुख्यतः धान की खेती होती है। बालाघाट और सिवनी जिले में किसानों को तत्काल डीएपी खाद की आवश्यकता है। इन दोनों जिलों में डीएपी खाद की किल्लत होने के कारण और क्षेत्र की जनता के अनुरोध पर मैं उर्वरक मंत्रालय के सचिव से भी मिला। दिनांक 18.8.2011 को मैं उनसे मिला और निवेदन किया कि बालाघाट और सिवनी जिला में एक-एक रैक डीएपी खाद की भेजी जाए। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि तत्काल एक-एक रैक भेज दी जाएंगी। इसके बाद मैंने माननीय उर्वरक मंत्री जी से भी मुलाकात की और उनसे भी मांग की कि बालाघाट और सिवनी जिलों में एक-एक रैक डीएपी की भेजी जाए। आज 8-10 दिन हो चुके हैं, लेकिन किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं हो रहा है। अभी तक खाद की रैक नहीं पहुंचने के कारण जिले के किसानों में तीव्र आक्रोश है। किसानों में हाहाकार है। समय पर आपूर्ति नहीं की गई तो इसका सीधा असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा और किसान बर्बाद हो जाएंगे।

अतः आपके माध्यम से माननीय उर्वरक मंत्री जी से मेरी मांग है कि बालाघाट एवं सिवनी जिलों में एक-एक डीएपी खाद की रैक भेजने की व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदया : श्री जितेन्द्र सिंह और

श्री वीरेन्द्र कुमार अपने को श्री के.डी. देशमुख द्वारा उठाए गए मुद्दे से सम्बद्ध करते हैं।